# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का जून में लोकार्पण

लखनऊ। यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश अवस्थी ने बताया कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का जून में लोकार्पण होगा। इस एक्सप्रेसवे का 94 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। मई में विशेष तेजी लाकर 20 जून तक निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

## 20 जून तक पूरा हो जाएगा निर्माण

इस एक्सप्रेसवे परियोजना की कुल लंबाई 296.07 किमी है। यह चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, जालौन, औरैया और इटावा से होकर गुजरेगा। इसके निर्माण से बुंदेलखंड, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के माध्यम से सीधे दिल्ली से जुड़ जाएगा। यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से एक्सप्रेसवे पर 15 पेट्रोलिंग वाहनों की तैनाती की जा रही है। इस एक्सप्रेसवे के 4 में से 3 रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। ब्यूरो